nt>

Title: Need to take steps for providing adequate irrigation facilities in Banaskantha in Gujarat.-Laid

श्री हरिभाई चौधरी (बनासकांठा) : सदन के माध्यम से मैं सरकार का ध्यान अपने संसदीय क्षेत्र बनासकांठा में व्याप्त जल संकट की तरफ दिलाना चाहता हूं। जल संकट के कारण किसानों को अपने खेतों में पानी देने में दिक्कत हो रही है और किसानों की फसल सिंचाई के अभाव में सूख जाती है जिसके कारण किसानों को फसल उत्पादन के कार्य में कोई उत्साहजनक परिणाम नहीं मिल पा रहा है। इस बार भी इस क्षेत्र में बरसात होने के आसार कम हैं और इस क्षेत्र में बरसात कम होती है जिसके कारण खेतों को पानी नहीं मिल पाता है। खेद है कि केन्द्र सरकार का ध्यान इस ओर नहीं गया है कि इस प्रकार के क्षेत्रों में सिंचाई सुविधा की व्य वस्था की जाए।

मैं आपके माध्यम से अनुरोध करना चाहूंगा कि बनासकांठा जिले के गांवों का सर्वे करवाकर यहां पर उपयुक्त आधार पर सिंचाई सुविधा करवाई जाये जिससे किसान अपने खेतों की सिंचाई के लिए वर्षा पर निर्भर नहीं रह सकें।